भारत सरकार
सूचना और प्रसारण मंत्रालय
(पॉलिसी प्लानिंग सेल)

**नई दिल्ली,** 21 **सितंबर, 2023**

विषय: अगस्त 2023 माह के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय के महत्वपूर्ण कार्यकलापों पर मंत्रिमंडल के लिए सारांश (संख्या- 8)।

अगस्त 2023 माह के लिए इस मंत्रालय से संबंधित महत्वपूर्ण कार्यकलाप/आयोजन नीचे उल्लिखित हैं:-

1. माननीय सूचना और प्रसारण तथा युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री, श्री अनुराग ठाकुर और मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भोपाल में 26.08.2023 को "**सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" पुस्तक** के खंड II और III का विमोचन किया गया। इस पुस्तक में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा जून 2020 से मई 2021 और जून 2021 से मई 2022 तक को दिए गए चुनिंदा भाषणों और संबोधनों का संकलन है। इन पुस्तकों का प्रकाशन, प्रकाशन प्रभाग (डीपीडी) द्वारा प्रकाशित किया गया है, प्रभाग ने कार्यक्रम के अवसर पर एक पुस्तक प्रदर्शनी भी आयोजित की। इस अवसर पर, माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री और मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री ने केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा आयोजित एक **मल्टीमीडिया प्रदर्शनी** का भी उद्घाटन किया, जिसकी थीम 'नया भारत: सशक्त भारत' और '9 वर्ष: सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण' थीं।

2. **आज़ादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम)**

2.1 प्रसार भारती ने 15.08.2023 को 77वें **स्वतंत्रता दिवस पर** लाल किले की प्राचीर से माननीय प्रधान मंत्री के संबोधन का **विशेष लाइव कवरेज** किया। इस भव्य कार्यक्रम को सभी कोणों से कवर करने हेतु विस्तृत व्यवस्था की गई थी, जिसमें पांच मानवरहित रोबोटिक कैमरे और दो $360^0$ कैमरों सहित 40 से अधिक कैमरा व्यू की कवरेज शामिल थी। **'*आजादी का अमृत महोत्सव*'** समारोह का समापन इस वर्ष के स्वतंत्रता दिवस के साथ हुआ, जिसने नये जोश के साथ देश को **'*अमृतकाल*'** की ओर अग्रसर किया।

2.2 डीडी न्यूज और डीडी इंडिया नेटवर्क द्वारा 77वें स्वतंत्रता दिवस को व्यापक रूप से कवर किया गया। इस अवसर पर **पद्मश्री मोहनदास पई की डीडी इंडिया के साथ बातचीत, ग्रैमी विजेता रिकी केज के साथ डीडी इंडिया पर 77वें स्वतंत्रता दिवस पर विशेष वार्ता** एवं कुछ **विशेष विषयों** जैसे भारत का **77**वां स्वतंत्रता दिवस, सिनेमा और स्वदेशी भावना का डीडी इंडिया पर प्रसारण शामिल है।

2.3 प्रकाशन प्रभाग (डीपीडी) ने **"75 वर्ष, 75 फ़िल्में: भारत की सिनेमाई यात्रा"** नामक पुस्तक प्रकाशित की, जिसे प्रमुख फिल्म समीक्षक और सत्यजीत रे फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एसआरएफटीआई) पुस्तकालय समिति के विशेषज्ञ सदस्य श्री अमित्व नाग द्वारा लिखा गया है। इसे माह के दौरान एसआरएफटीआई में लॉन्च किया गया। यह पुस्तक पिछले 7 दशकों की 75 फिल्मों की एक यात्रा वृतांत देती है, जो भारत की सामाजिक-राजनीतिक स्थिति के बदलाव को चिन्हित करती है जैसा कि इसके सिनेमा में परिलक्षित

होता है। इस अवसर पर डीपीडी द्वारा सिनेमा पर पुस्तकों की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई।

2.4 न्यू मीडिया विंग (एनएमडब्ल्यू) द्वारा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट पर **'हर घर तिरंगा कैंपेन' और 'स्वतंत्रता दिवस 2023 समारोह'** का व्यापक रूप से प्रचार किया गया। इसमें हिंदी और अंग्रेजी भाषा में हैशटैग **#अमृतमहोत्सव, #हरदिलतिरंगा, #स्वतंत्रतादिवस2023, #स्वतंत्रतादिवस** आदि का प्रयोग करते हुए वीडियो, ग्राफिक्स, लाइव इत्यादि शामिल हैं। स्वतंत्रता दिवस और हर घर तिरंगा मनाने हेतु प्रकाशन प्रभाग (डीपीडी) द्वारा क्रिएटिव (स्टेटिक्स और वीडियो) की एक विशेष श्रृंखला पोस्ट की गई थी।

2.5 ***न्यू इंडिया समाचार (एनआईएस)*** को अगस्त 2023 पाक्षिक संस्करण में "**अमृत महोत्सव** की यात्रा, जो विकसित भारत की आधारशिला बन गई है, ने हमारे लोगों को विकास की एक नई दिशा प्रदान की है" और "विकसित गांव- विकसित भारत" विषयक कवर स्टोरी 13 भाषाओं में प्रकाशित की गई और सीबीसी द्वारा इन्हें पूरे देश में वितरित किया गया। एनआईएस के ई-संस्करण माई जीओवी इंडिया के ई-संपर्क प्लेटफॉर्म का उपयोग कर ईमेल के माध्यम से 70.7 मिलियन से अधिक पाठकों को भेजे गए थे।

2.6 केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) ने 15.08.2023 को देश भर के **1800 से अधिक समाचार पत्रों** में स्वतंत्रता दिवस 2023 पर **प्रिंट विज्ञापन** जारी किया।

## 3. मेरी माटी मेरा देश अभियान

3.1 मंत्रालय द्वारा **प्रधानमंत्री के मन की बात पुस्तिका** का जुलाई 2023 संस्करण प्रकाशित किया है जिसकी कवर स्टोरी के रूप में **'मेरी माटी मेरा देश'** को प्रस्तुत किया गया। इसका ई-संस्करण ई-संपर्क के माध्यम से पूरे देश में 6 करोड़ से अधिक नागरिकों को वितरित किया गया और इसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय, माई जीओवी, पीएम इंडिया और मंत्रालय की मीडिया यूनिटों की वेबसाइटों पर भी अपलोड किया गया। देश के सभी सांसदों और विधायकों, भारत सरकार के सभी सचिवों और अधिकारियों, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के मुख्य सचिवों और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय को मुद्रित पुस्तिकाएं वितरित की गई।

3.2 'मेरी माटी मेरा देश' के लिए **लोकसंपर्क और संचार योजना** को सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया यूनिटों सहित विभिन्न हितधारकों की भागीदारी के साथ अंतिम रूप दिया गया। योजना को अंतिम रूप देने हेतु सचिव, संस्कृति मंत्रालय, सचिव, युवा कार्यक्रम विभाग और सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया यूनिटों के क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ बैठकों की एक श्रृंखला आयोजित की गई।

3.3 न्यू मीडिया विंग द्वारा **'मेरी माटी मेरा देश अभियान'** का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंटस पर हिंदी और अंग्रेजी दोनों में हैशटैग **#MeriMatiMeraDesh** और **#मेरी_माटी_मेरा_देश** आदि का उपयोग कर वीडियो, बाइट्स, पॉडकास्ट, वीडियो साझा किये गए।

## 4. जी-20 शिखर सम्मेलन पर प्रचार अभियान

4.1 **जी20 शिखर सम्मेलन मीडिया आउटरीच प्लान को अंतिम रूप देना और कार्यान्वयन करना:** सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 9 और 10 सितंबर 2023 को आयोजित जी20 के

मुख्य शिखर सम्मेलन के लिए जी20 शिखर सम्मेलन मीडिया आउटरीच रणनीति को अंतिम रूप दिया था। मीडिया आउटरीच योजना सभी हितधारकों जैसे विदेश मंत्रालय, जी20 सचिवालय, शेरपा कार्यालय, संबंधित मंत्रालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय की मीडिया यूनिटों के समन्वय में विकसित की गई थी। आउटरीच योजना में शिखर सम्मेलन से पहले, शिखर सम्मेलन के दौरान और शिखर सम्मेलन के बाद की गतिविधियों, सभी हितधारकों की समयसीमाओं और जिम्मेदारियों को रूपरेखा प्रदान की गई है और इसमें मीडिया आउटरीच और संचार से संबंधित पहलू जैसे मीडिया सुविधा और मल्टी-मीडिया प्रचार के अन्य विभिन्न पहलू शामिल हैं।

4.2 प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) ने अब तक आयोजित सभी कार्यक्रमों को प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल और सोशल मीडिया के माध्यम से **सर्वांगीण प्रचार** प्रदान किया और पीआईबी की अनुसंधान इकाई ने माह के दौरान **जी20 पर 20 एक्सप्लेनर** का निर्माण किया। जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन हेतु, **पीआईबी ने जी20 मीडिया प्रत्यानन प्रदान किए** हैं और **कुल 1223 पत्रकारों की जाँच की** है। **पीआईबी जी20 माइक्रोसाइट** को जी20 से संबंधित सभी सूचनाओं के लिए वन-स्टॉप सोल्यूशन के रूप में नियमित रूप से अद्यतन किया है। इस माह के दौरान पीआईबी ने प्रमुख समाचार पत्रों में विशिष्ट व्यक्तियों और विशेषज्ञों द्वारा **7 विशेष लेख** प्रकाशित किए। पीआईबी द्वारा ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर **एक विशेष सोशल मीडिया अभियान** चलाया गया है ताकि नि:शुल्क प्रचार किया जा सके।

4.3 डीडी न्यूज नेटवर्क ने देश भर में आयोजित भारत की जी20 अध्यक्षता से संबंधित सभी प्रमुख कार्यक्रमों का प्रसारण किया है। डीडी इंडिया पर विशेष कार्यक्रम **'इंडिया@जी20'** की एक श्रृंखला प्रसारित की गई है; विशेष साप्ताहिक कार्यक्रम **'भारत@जी20: वसुधैव कुटुंबकम'** का भी प्रसारण किया गया है।

4.4 एनएमडब्ल्यू ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर ग्राफिक्स, वीडियो, बाइट्स और लाइव स्ट्रीमिंग के साथ **'जी20 शिखर सम्मेलन'** के लिए **सोशल मीडिया लोकसंपर्क अभियान** चलाया।

5. **69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार** की जूरी ने दिनांक 24.08.2022 को वर्ष 2021 के विजेताओं की घोषणा की। 'रॉकेट्री: द नंबी इफेक्ट' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म और 'एक था गांव' को सर्वश्रेष्ठ गैर-फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला। श्री अल्लू अर्जुन को फिल्म 'पुष्पा (द राइज पार्ट I)' में उनके प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया, जबकि सुश्री आलिया भट्ट और सुश्री कृति सेनन को क्रमशः 'गंगूबाई काठियावाड़ी' और 'मिमी' के लिए संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। 'द कश्मीर फाइल्स' को राष्ट्रीय एकता पर सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए नरगिस दत्त अवॉर्ड दिया गया, जबकि 'आरआरआर' ने संपूर्ण मनोरंजन प्रदान करने वाली सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का पुरस्कार जीता। श्री पंकज त्रिपाठी ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता का पुरस्कार जबकि सुश्री पल्लवी जोशी ने सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। माननीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने पुरस्कारों के चयन के लिए जूरी को धन्यवाद दिया और उल्लेख किया कि भारतीय फिल्मों को दुनिया भर में मान्यता मिल रही है।

6. **'मुजीब - द मेकिंग ऑफ ए नेशन' (बांग्ला)**: भारत और बांग्लादेश द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित फिल्म के वितरण और विपणन के लिए मसौदा करार को बांग्लादेश फिल्म विकास निगम (बीडीएफसी) के साथ उनकी टिप्पणियों/अनुमोदन के लिए साझा किया गया

है। फिल्म के विपणन और थियेटरिकल वितरण के लिए भारत सरकार के राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम (एनएफडीसी) द्वारा मेसर्स पैनोरमा स्टूडियो को हायर किया गया है।

7. दिनांक 01.08.2023 को, सचिव, सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 29 जुलाई से 2 अगस्त, 2023 तक प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित "दिल्ली पुस्तक मेला 2023" में डीपीडी के स्टॉल के दौरे के दौरान प्रकाशन प्रभाग (डीपीडी) द्वारा प्रकाशित **'योजना क्लासिक्स'** का विमोचन किया, जो 1957 से विकास मासिक योजना के प्रकाशित कार्यों का एक विशेष संग्रह है। प्रमुख प्रकाशन हाउस प्रकाशन प्रभाग (डीपीडी) ने दिल्ली पुस्तक मेला 2023 में प्रदर्शन में उत्कृष्टता के लिए रजत पदक भी जीता।

8. **जीसैट-24 की सफल कमीशनिंग**: सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष श्री एस. सोमनाथ के साथ टाटा प्ले के प्रसारण केंद्र नई दिल्ली में दिनांक 07.08.2023 को आयोजित जीसैट-24 इसरो उपग्रह की सफल कमीशनिंग के उद्घाटन समारोह में भाग लिया। जीसैट-24 अंतरिक्ष क्षेत्र में रिफॉर्म के बाद एनएसआईएल का पहला मांग आधारित संचार उपग्रह मिशन है। न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसईएल) ने जीसैट-24 को कमीशन करने के लिए टाटा प्ले के साथ सहयोग किया है, जिससे यह वर्तमान 600 से 900 चैनल प्रसारित करने में सक्षम हो सके, जिससे जनता को लाभ होगा।

9. **डिजिटल मीडिया प्रभाग**

9.1 **यूट्यूब चैनलों को बंद करना**: पीआईबी फैक्ट-चेक यूनिट के सहयोग से दिनांक 08.08.2023 को आठ यूट्यूब चैनलों के लगभग सौ वीडियो की तथ्य-जांच की गई। 1.40 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर्स वाले इन यूट्यूब चैनलों में से चार को यूट्यूब ने बंद कर दिया है।

9.2 **मीडिया संस्थाओं को एडवाइजरी**: सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने दिनांक 25.08.2023 को समाचार पत्रों, टीवी चैनलों, समाचार पोर्टलों और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुआ प्लेटफार्मों और/या इन प्लेटफार्मों को सरोगेट ढंग से चित्रित करने वाले किसी भी उत्पाद या सेवा के विज्ञापन/प्रचार सामग्री दिखाने से बचने के लिए एक एडवाइजरी जारी की है।

10. **विशेष कवरेज**: प्रसार भारती ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह पर माननीय प्रधान मंत्री के संबोधन, ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधान मंत्री का संबोधन, प्रधान मंत्री मोदी द्वारा का चंद्रमा की सतह पर चंद्रयान 3 की लैंडिंग की सराहना, प्रधान मंत्री का एथेंस, ग्रीस में भारतीय समुदाय को संबोधन, प्रधान मंत्री का बी20 शिखर सम्मेलन भारत 2023 में संबोधन, प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न जी20 बैठकों का संबोधन, प्रधानमंत्री के मन की बात का 104वां संस्करण आदि को लाइव कवरेज और व्यापक प्रचार प्रदान किया।

**11. न्यूनतम सरकार अधिकतम शासन पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा की गई पहलें-**

- **प्रसार भारती और विदेशी प्रसारक के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर**: सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने प्रसार भारती द्वारा सितंबर, 2019 से रेडियो और टेलीविजन के क्षेत्र में प्रसारण पर सहयोग के लिए विदेशी प्रसारकों के साथ हस्ताक्षरित 18 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) के संबंध में दिनांक 28.08.2023 को कैबिनेट के लिए नोट परिचालित किया।

उक्त नोट पर कैबिनेट द्वारा दिनांक 29.08.2023 को आयोजित कैबिनेट की बैठक के दौरान विचार विमर्श किया गया था।

- **डिजिटल मीडिया**: सामग्री प्रसारित करने के लिए आईटी नियम, 2021 के प्रावधानों के तहत आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 69ए के तहत 1 यूट्यूब चैनल, 1 यूट्यूब वीडियो, 1 फेसबुक अकाउंट, 6 फेसबुक पोस्ट, 2 ट्विटर अकाउंट, 13 ट्विटर पोस्ट, 8 इंस्टाग्राम पोस्ट और एक वेबसाइट को ब्लॉक करने के निर्देश जारी किए गए।

- **चैनल लाइसेंसिंग**: सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 07 नई अनुमतियाँ प्रदान की हैं और माह के दौरान 03 चैनलों के सरेंडर अनुरोध/निरस्तीकरण को स्वीकार किया है। दिनांक **31.08.2023 तक** भारत में अप-लिंकिंग और डाउनलिंकिंग के लिए प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनलों की कुल संख्या **905** है।

- **सामुदायिक रेडियो स्टेशन (सीआरएस)**: माह के दौरान तीन (03) नए सीआरएस चालू किए गए। माह के दौरान दो (02) नए अनुमति मंजूरी करार (जीओपीए) और पांच (05) नवीनीकृत जीओपीए पर हस्ताक्षर किए गए।

- पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) और उसके क्षेत्रीय कार्यालयों ने अंग्रेजी, हिंदी और 14 क्षेत्रीय भाषाओं में **8025 प्रेस विज्ञप्तियां** जारी की, **8 औपचारिक प्रेस सम्मेलन आयोजित किए** और विभिन्न मुद्दों पर **9 लेख लिखे हैं।** पीआईबी फैक्ट चेक यूनिट ने **110 फर्जी खबरों का पर्दाफाश किया** और 114 ट्वीट किए। पीआईबी की अनुसंधान **इकाई ने 55 दस्तावेज़ प्रकाशित किए** और विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में विभिन्न केंद्रीय क्षेत्र/प्रायोजित योजनाओं की प्रगति पर प्रकाश डालने वाली फैक्टशीट तैयार करना शुरू कर दिया है।

- देश भर में **सोशल मीडिया के माध्यम से** सीबीसी के क्षेत्रीय कार्यालयों (आरओ)/फील्ड कार्यालयों (एफओ) ने **आजादी का अमृत महोत्सव, प्रधानमंत्री का विजन-2047, मेरी माटी मेरा देश आदि जैसे विभिन्न विषयों पर जागरूकता अभियान** निम्नानुसार चलाया:-

| ट्वीट्स और रीट्वीट की कुल संख्या ('इंप्रेशन' के साथ) | फेसबुक पोस्ट की कुल संख्या | इंस्टाग्राम पोस्ट की कुल संख्या | व्हाट्सएप पर प्रसारित पोस्टर/संदेश/वीडियो की कुल संख्या |
|---|---|---|---|
| 21468 (204466) | 7222 | 2919 | 10279 |

- **सोशल मीडिया कवरेज**: सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सोशल मीडिया हैंडल ने लगभग **180 यूनिक ग्राफिक्स/वीडियो/इमेजेस/पोस्ट/ट्वीट** आदि साझा कर माह के दौरान विभिन्न प्लेटफार्मों पर विभिन्न विषयों पर व्यापक कवरेज और प्रचार प्रदान किया।

  **आज़ादी का अमृत महोत्सव**, **मेरी माटी मेरा देश** और अन्य प्रमुख अभियानों को इन्फोग्राफिक्स, रीलों, ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से चलचित्र अधिनियम, 2023 हर-घर तिरंगा, स्वतंत्रता दिवस 2023 समारोह, जी20 शिखर सम्मेलन, चंद्रयान -3 जैसे अभियानों आदि का प्रचार किया गया।

(विक्रम सहाय)
संयुक्त सचिव, भारत सरकार
दूरभाष #23073775